अभियान — खेत बचाओ एवं धरती माता बचाओ अभियान के तहत बिरसोला में डीएसआर पद्धति को बढ़ावा

# सुपर सीडर से धान की बुवाई पर किसानों ने दिखाई रुचि



**नवभारत, बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा जिले में जल संरक्षण, खेती की लागत में कमी तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'खेत बचाओ अभियान' एवं 'धरती माता बचाओ अभियान' के तहत विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत बिरसोला में किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 21 जून को ग्राम बिरसोला के उन्नतशील कृषक जीठुलाल एवं कृष्णा कानतोड़े के 3 एकड़ खेत में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से धान की बुवाई का प्रदर्शन किया गया। मशीन की कार्यप्रणाली एवं कम लागत में बुवाई की प्रक्रिया को देखकर गांव के अन्य किसानों ने भी सुपर सीडर से धान की बुवाई कराने में रुचि दिखाई। कार्यक्रम के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री आंचल खोब्रागड़े, प्रगतिशील किसान श्री पंकज खोगले सहित कृषक जितेंद्र कानतोड़े एवं भेजलाल सार्वे उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत बिरसोला के कृषक अश्विनी चौड़े एवं बेनीराम चौड़े के 2 एकड़ खेत में भी सुपर सीडर मशीन से धान की बुवाई की गई।

उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि डीएसआर पद्धति से धान की खेती करने पर पानी की बचत होती है, श्रम लागत कम आती है तथा फसल उत्पादन में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। कृषि विभाग किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि विभाग के इस प्रयास से क्षेत्र के किसानों में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के प्रति उत्साह देखा जा रहा है, जिससे भविष्य में जल संरक्षण और कृषि उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# बैहर में आयोजित हुआ जनकल्याण शिविर



**नवभारत, बैहर।** नगर परिषद बैहर में शनिवार को उपयोगिता जल प्रबंधन परियोजना के भूमि पूजन एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना का भूमि पूजन संपन्न हुआ तथा आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में सांसद श्रीमती भारती पारधी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है तथा जनकल्याण शिविर इसी उद्देश्य की पूर्ति का प्रभावी माध्यम हैं।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम, सांसद प्रतिनिधि बैहर श्री सुरेंद्र गुड्डा मरकाम, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत नेताम, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री अर्पित गुप्ता, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री एस.आर. धुर्वे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री अनुपमा मरावी, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती कल्पना पंद्रे, सुश्री प्रज्ञा राठवे, श्रीमती आयुषी नंदा सहित कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के करकमलों से ग्राम पिपरिया एवं ग्राम गोवारी के किसानों को अरहर एवं धान के बीजों का वितरण भी किया गया। किसानों ने बीज वितरण एवं शासन की कृषि हितैषी योजनाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयासों पर बल देते हुए आमजन से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आग्रह किया।



## दीपक राणा ने कोषालय अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

**बालाघाट।** दीपक राणा (उपसंचालक वित्त) द्वारा 19 जून को वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बालाघाट का पदभार ग्रहण कर लिया गया है। श्री राणा, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा वर्ष 2014 बैच के वित्त सेवा के अधिकारी हैं। पूर्व में पदस्थ श्री अमित मरावी का स्थानांतरण उपसंचालक केंद्रीकृत पेंशन सेल, भोपाल में किया गया है। श्री राणा ने पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कोषालय परिवार के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री राणा का स्वागत किया गया और उन्हें नवीन दायित्व के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# 36वें दीक्षांत समारोह में गीतेश पटेल ने दर्शनशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की



**नवभारत, बालाघाट।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36 वे दीक्षांत समारोह मे गीतेश पटेल ने दर्शनशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की, विश्वविद्यालय के इस गरिमामय कार्यक्रम में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ,मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉक्टर मोहन यादव ,उच्च शिक्षा मंत्री माननीय श्री इंद्र सिंह परमार विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉक्टर राजेश कुमार वर्मा, लोकसभा और राज्यसभा सांसद विधायक गण , विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलगुरु ,शिक्षा विभाग के अधिकारी गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे डॉक्टर गीतेश पटले ने दर्शनशास्त्र में महात्मा गांधी और बी.आर.अंबेडकर के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन शीर्षक पर शोध कार्य किया है यहां यह उल्लेखनीय है कि डॉक्टर गीतेश पटले को सन 2010 में एम. ए. दर्शनशास्त्र में विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए दो स्वर्ण पदको से महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जा चुका हैं आप एमफिल और नेट जेआरएफ परीक्षा भी उत्तीर्ण है, वर्तमान में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में दर्शनशास्त्र विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं डॉक्टर गीतेश पटले ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता श्रीमती इंद्रकला पटले, पिता श्री के. एल. पटले, पत्नी श्रीमती रामेश्वरी पटले, अपने भाई बहन ,परिवार, संबंधियों और मित्र मंडली को देते हैं दो जितेश पतले को डॉक्टर उपाधि मिलने के उपलक्ष में डॉ.ताराचंद बड़घैया, श्री वेंकट राव रंगारे, खिलेश्वर ठाकरे , महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक और मित्र गणों ने बधाइयां प्रेषित की है।

# प्रदेश स्तर पर चयनित हुए डीडी ठाकरे को परसवाड़ा ने दी विदाई



**नवभारत, परसवाड़ा।** रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सबरी माता कन्या शिक्षा परिसर परिवार द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक डी.डी. ठाकरे को प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल में चयनित होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदना के प्राचार्य यू.एस. राजपूत ने कहा कि श्री ठाकरे ने प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि बीईओ का पद चुनौतियों से भरा होता है, लेकिन श्री ठाकरे ने अपनी कार्यकुशलता, सरल स्वभाव और सकारात्मक सोच से हर जिम्मेदारी को सहजता से निभाया। प्रदेश स्तर पर उनका चयन पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।

छात्रावास अधीक्षक डालीराम मस्करे ने उन्हें चहुंमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रभारी प्राचार्य सुनीता पन्द्रे ने कहा कि विद्यालय संचालन में उनका मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहा है।

अपने उद्बोधन में डी.डी. ठाकरे ने कहा कि भोपाल में उन्हें शिकायत प्रकरण, लोकायुक्त एवं विभागीय जांच से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने शिक्षकों को समय पर कार्य करने, वित्तीय मामलों में विशेष सावधानी बरतने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों पर विश्वास रखकर कार्य करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि परसवाड़ा में कार्य करते हुए मिले सहयोग और आत्मीयता को वे सदैव याद रखेंगे।

### कन्या शिक्षा परिसर में भी हुआ सम्मान

सबरी माता कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित विदाई समारोह में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर श्री ठाकरे का अभिनंदन किया। सहायक शिक्षक ए.के. राहंगडाले ने कहा कि सेवानिवृत्ति से पूर्व प्रदेश स्तर पर मिली जिम्मेदारी उनके उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। शिक्षक चैनलाल रामानन्दी ने परिसर की स्थापना और विकास में उनके योगदान को याद किया।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के असिस्टेंट गवर्नर बने देवेन्द्र सिंह चन्देल



**नवभारत, बालाघाट।** रोटरी क्लब ऑफ टाइगर्स, बालाघाट के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन देवेन्द्र सिंह चन्देल को रोटरी वर्ष 2026-27 हेतु रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा) के गवर्नर रोटेरियन आलम सिंह रूपराह द्वारा असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया गया है।

रोटेरियन चन्देल का कार्यकाल 1 जुलाई 2026 से 30 जून 2027 तक रहेगा। रोटरी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान और उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पूर्व भी वे रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट के सेक्रेटरी एवं अध्यक्ष के रूप में अपनी सफल सेवाएं दे चुके हैं। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा को मिलाकर बने इस रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में कुल 105 क्लब शामिल हैं।

7 विभिन्न सामाजिक एवं खेल संगठनों में सक्रिय भूमिका

रोटेरियन देवेन्द्र सिंह चन्देल बालाघाट में लंबे समय से अनेक सामाजिक और खेल संस्थाओं से जुड़कर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। वे डिस्ट्रिक्ट स्पोर्टस एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष, जिला कराटे संघ के पूर्व अध्यक्ष और दुर्गा मंदिर हनुमान चौक, बालाघाट के भी पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में वे बालाघाट होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष और रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर्स में डायरेक्टर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। रोटरी पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने दी बधाई।

इस गौरवपूर्ण नियुक्ति पर रोटरी इंटरनेशनल के वरिष्ठ पदाधिकारियों और बालाघाट के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बधाई देने वालों में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. डॉ. निखिलेश त्रिवेदी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. मेजर दीपक मेहता, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. शशांक रस्तोगी, नेक्स्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. भानु प्रताप सिंह चौधरी, रोटे. नवीन भवसार, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे. अजय अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर्स के अध्यक्ष रोटे. अभिषेक पांडे, सेक्रेटरी मोहित सचदेव, आगामी वर्ष के अध्यक्ष लोकमन कौशल और सेक्रेटरी रोटे. मुकेश ठाकुर शामिल हैं।

इसके साथ ही पूर्व अध्यक्ष रोटे. अजय गुप्ता, प्रजेश बिसेन, तपेश असाटी, आदित्य पंडित, इकबाल मनसूरी, विशाल मंगलानी, आशीष मिश्रा, जसमीत पसरीचा (पूर्व असिस्टेंट गवर्नर), भरत छुट्टानी, महेन्द्र देशमुख, विजय अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, पार्वेन्द्र पारधी, मनीष अग्रवाल, लावेश घरडे, राजकुमार सरोदे, राजेश रावल और विक्की जिवानी आदि ने भी रोटे. देवेन्द्र सिंह चन्देल को अपनी हार्दिक बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# जिला जेल में योग एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

### बंदियों ने किया सामूहिक योग एवं प्राणायाम



**नवभारत, बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला जेल बालाघाट में योग एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के अध्यक्ष श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

शिविर में योग प्रशिक्षक द्वारा जेल परिसर में बंदियों को सामूहिक योग एवं प्राणायाम कराया गया। साथ ही योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक ने बताया कि योग व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में सहायक होता है।

इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम ने उपस्थित बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग और प्राणायाम को जीवन का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से मन शांत रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, जेल अधीक्षक श्री आर.एल. सहलाम, श्री धनेन्द्र उपराडे, श्री विनोद उइके सहित जेल प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे।

शिविर के माध्यम से बंदियों को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं विधिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

# खाद के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस ले सरकार अन्यथा होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन : चौधरी

**नवभारत, बालाघाट।** किसान गर्जना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने किसानों को सोसायटियों के माध्यम से मिलने वाली खाद के दामों में की गई वृद्धि पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए सरकार को चेतावनी दी है कि यदि बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस नहीं ली गईं तो किसान गर्जना संगठन प्रदेशभर में उग्र आंदोलन शुरू करेगा।

श्री चौधरी ने कहा कि एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर खाद, बिजली, पानी, डीजल और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार वृद्धि कर किसानों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। ऐसे में खाद के दाम बढ़ाना किसानों के साथ सीधा अन्याय और शोषण है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण आज प्रदेश का किसान कर्ज के दलदल में फंसता जा रहा है। महंगाई की मार से किसान परिवारों का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील दिखाई नहीं दे रही है।

अरविंद चौधरी ने मांग की कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में सस्ती खाद उपलब्ध कराई जाए, कृषि उपयोग के लिए बिजली और सिंचाई का पानी रियायती दरों पर दिया जाए तथा किसानों पर बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और खाद के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए, तो किसान गर्जना संगठन गांव-गांव और तहसील स्तर पर आंदोलन खड़ा करेगा। आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालयों का घेराव, धरना-प्रदर्शन और बड़े जनआंदोलन किए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

किसान अब और शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। किसानों के अधिकारों की लड़ाई सड़क पे उतर कर लड़ी जाएगी।

# बालाघाट में 'माई भारत' अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**बालाघाट।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'माई भारत' पोर्टल के अंतर्गत बालाघाट जिले में 5 दिवसीय पायलट अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमका सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, रबी विपणन वर्ष की तैयारियों तथा खाद्य विभाग की विभिन्न गतिविधियों से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मैदानी स्तर पर शासकीय कार्यप्रणाली समझाने के लिए विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया। इसमें गोंगलाई वेयरहाउस, खुर्सोड़ी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, खुर्साड़ी का दौरा शामिल रहा। इस दौरान युवाओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली, भंडारण व्यवस्था एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी एवं प्रतिभागियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी गतिविधियों का समयबद्ध संचालन किया गया। अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन, प्रबंधन एवं क्रियान्वयन में खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से श्री सुनील किरार (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी), श्री पहल सिंह वलाड़ी (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी) तथा श्री उत्सव वर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने और युवाओं का मार्गदर्शन करने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

# बिना दरवाजे के मकान में घुसे चोर ले गए नगदी, जेवरात

### खेतों में खाली पड़ी मिली पेटी, अटैची, प्रकरण दर्ज




**जबलपुर।** चरगवां थाना अंतर्गत झरझर में चोरों ने बिना दरवाजे वाले मकान में धावा बोलते हुए जेवरात, नगदी पार कर दी और खाली पेटी, अटैची खेतों में फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है ।

पुलिस के मुताबिक कुंवर सिंह मरावी 50 वर्ष निवासी झरझर थाना चरगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके 2 बेटे हैं बड़े बेटे की शादी हो गई है। पूरा परिवार संयुक्त रूप से नये मकान में रहता है मकान में अभी दरवाजे नहीं लगे हैं। बीती रात लगभग 10 बजे परिवार सहित लाईट नहीं होने से घर के आंगन में सो गये थे, मकान की छत पर दोनों लड़के एवं दामाद राजेश सो रहे थे सुबह लगभग 6 बजे सोकर उठा, उसके घर के पीछे तरफओमप्रकाश के खेत की मेहढ़ पर लगे इमली के पड़े के पास उसके घर की अटैची खुली पड़ी थी सामान बिखरा पड़ा था उसने एवं उसकी पत्नी ने अंदर जाकर देखा तो सोने चांदी के जेवरात, नगदी 59 हजार रूपये गायब थे।

जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गए। अटेची इमली के पेड़ के पास खुली हुयी एवं टीन की पेटी रोड के दूसरी तरफगोविन्दी ठाकुर के खेत में बने एक गड्डे में खुली हुयी पड़ी मिली है।

## गरीबी के कारण कोई नेत्रहीन न हो : दंडी स्वामी

**नवभारत, जबलपुर।** धर्मार्थ नेत्रालय नि:शुल्क शिविर पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने कहा कि कोई भी इंसान गरीबी के कारण उपचार के अभाव में नेत्रहीन न हो। मानव सेवा सनातन परंपरा है और इसी में ईश्वर के दर्शन होते हैं। अस्पताल उद्घाटन के वक्त मिली अंत:करण की प्रेरणा से ही धर्मार्थ नेत्रालय खोलने का संकल्प लिया था। कार्यक्रम में धर्मार्थ नेत्रालय सेवा समिति, कालीधाम शिष्य परिवार और संयोजक महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज ने जगत गुरु बाल गोविंदाचार्य, जगत गुरु राजारामाचार्य, कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद, पं. अनूप देव और डॉ. अविजित विश्नोई का स्वागत किया।

# ओवर टेक करने पर उपजा विवाद, दो पक्ष भिड़े, कई घायल

**जबलपुर।** बरगी में ओवर टेक करने पर उपजे विवाद के बाद दो पक्ष भिड़ गए ।देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें कई लोग घायल हो गए ।पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक झारिया 25 वर्ष निवासी सुदामानगर मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है वह एवं अभिषेक प्रजापति, क्रिस गुप्ता के साथ अपने क्लाइंट से मिलने बाईक से बरगी आ रहा था तभी रास्ते में फोरव्हीलर गाड़ी ने उसके ओवर टेक करते हुये कट मार दिया एवं उसकी गाड़ी के सामने फोर व्हीलर गाड़ी लगा दी गाड़ी से एक व्यक्ति उतरा और उसकी कॉलर पकड़कर हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा, अभिषेक एवं क्रिस गुप्ता बीच बचाव करने लगे तो उनके साथ भी मारपीट किये जिसके बाद चला गया, वह एवं उसके साथ वाले गाड़ी से बरगी आये बरगीनगर वायपास ब्रिज के नीचे पहुॅचे तभी वही फोर व्हीलर गाड़ी वाले आये जिसमें 3-4 व्यक्ति थे उसकी गाड़ी रोकी फोर व्हीलर गाड़ी से सुशील साहू, सावन दुबे, राजा खान, आयुष परिहार उतरकर उसके साथ मारपीट करने लगे उसके साथी अभिषेक प्रजापति एवं क्रिस गुप्ता बचाने के लिये आये तो दोनों के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये। मारपीट से उसके हाथ पैर सिर एवं अभिषेक गुप्ता एवं क्रिस गुप्ता को भी शरीर में चोटें आयीं। वहीं सुशील साहू 40 वर्ष निवासी बसंतनगर बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोबाइल दुकान चलाता है, फोर व्हीलर में अपने साथी दुर्गेश बर्मन के साथ अपने गांव से बरगी आ रहा था रास्ते में मोटर सायकल में तीन व्यक्ति बैठे थे उसकी गाड़ी के बाजू से अचानक कट मार दिया तो उसने उन लोगों को चिल्लाकर बोला कि अच्छे से गाड़ी चलाओ, उन लोगों ने अपनी मोटर सायकल उसकी कार के सामने लगाकर उसका रास्ता रोके तथा तीनों उसके साथ मारपीट करने लगे, दुर्गेश बर्मन बीच बचाव किया मारपीट करते समय तीनों अभिषेक दाहिया, क्रिस गुप्ता और अभिषेक दाहिया, क्रिस गुप्ता और अभिषेक प्रजापति ने मारपीट कर बरगी तरफचले गये, वह अपनी कार में बैठकर दोस्त दुर्गेश बर्मन के साथ बरगी जाने के निकल गया थोड़ी देर बाद जैसे वह बरगीनगर वायपास ब्रिज के नीचे पहुॅचा तो ये तीनों ने उसे रोका और अभिषेक दाहिया विवाद करने लगा, तीनों उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

# आम आदमी पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

### संगठन विस्तार और जोन प्रभारी के आगमन की तैयारियों पर बनी रणनीति



**नवभारत, बालाघाट।** आज स्थानीय बस स्टैंड स्थित धर्मशाला में आम आदमी पार्टी (आप) जिला कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन विस्तार और आगामी राजनैतिक कार्यक्रमों को लेकर गंभीर रणनीति तैयार की गई।

बैठक में बालाघाट जिले के सभी नवनियुक्त प्रदेश एवं जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए:

1-विधानसभा बैठकों की तैयारी:

-छिंदवाड़ा जोन प्रभारी श्री संतोष पप्पू छिलवाल जी के आगामी बालाघाट आगमन को लेकर जिले की सभी विधानसभाओं में विशेष बैठकों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई।

2-मंडल स्तर पर विस्तार: जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मंडल (जिला पंचायत) में बैठकों के आयोजन का खाका खींचा गया।

3-जिला कार्यालय पर चर्चा: संगठन के सुचारू संचालन हेतु जिला बालाघाट कार्यालय की व्यवस्थाओं और गतिविधियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

बैठक के दौरान सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

इस बैठक में मुख्य रूप से स्टेट कोऑर्डिनेटर रजनीश नायडू, प्रदेश उपाध्यक्ष (बुद्धिजीवी विंग) शरद जैन, जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मस्तराम डाहारे, जिला सचिव अनिल ब्रम्हे, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंग कारे, जिला उपाध्यक्ष रोशनी संदीप तुरकर, जिला सचिव दीनदयाल कोलते, जिला उपाध्यक्ष योगराज ठाकरे, जिलाध्यक्ष (ओबीसी विंग) दुर्गाप्रसाद कटरे, जिला उपाध्यक्ष विनोद पारधी, वरिष्ठ पदाधिकारी सखाराम सराठे, जिला संयुक्त सचिव प्रदीप नागेश्वर और आरटीआई विंग से मजहर अली उपस्थित रहे।